## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये गये आवश्यक निर्देश।

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है, जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 28.02.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावनी प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।






## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान।

## महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर ऑडियो/वीडियो/पंपलेट के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए किया जागरुक।

महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं । इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा के समस्त थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले स्कूल/कॉलेजों, गांवों/कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त एण्टीरोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन कर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए ऑडियो/वीडियो/पंपलेट के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।





## माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 के कर कमलों द्वारा जनपद महोबा के महिला थाना के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन का शिलान्यास तथा पुलिस लाइन महोबा स्थित साइबर थाना महोबा का वर्चुअली रुप से किया गया लोकार्पण। जिसके क्रम में सम्मानित जनप्रतिनिधियों द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा की उपस्थिति में नवनिर्मित साइबर थाने का फीता काटकर किया गया उद्घाटन-

**आज दिनांक 28.02.2024 को मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा जनपद के महिला थाना के प्रशासनिक भवन का शिलान्यास तथा साइबर थाना जनपद महोबा का शुभारम्भ/लोकार्पण वर्चुअली रुप से किया गया।**

**जिसके क्रम में वर्चुअली निर्देशन में जनपद के जनप्रतिनिधियों द्वारा फीता काटकर साइबर थाना, महोबा का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता सहित जनपद के सम्मानित जनप्रतिनिधिगण क्रमशः भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अवधेश कुमार गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री जे.पी. अनुरागी, मा0 सांसद प्रतिनिधि श्री राहुल अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि श्री रोहित कटियार तथा जनपदीय पुलिस से अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ सहित जनपदीय पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।**

आधुनिक उपकरणों से लैस साइबर थाने में साइबर अपराध के पीडित ऑफलाइन व ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकेंगे। साइबर फ्रॉड की प्राथमिकी दर्ज कर टेक्नीकल एक्सपर्ट प्रशिक्षित पुलिस पदाधिकारी व तकनिकी सेल के पुलिस कर्मी साइबर अपराध के मामलों का अनुसंधान कर साइबर फ्रॉड के शिकार लोगो को न्याय दिला सकेंगे। जहां अत्याधुनिक तरीके से साइबर फ्रॉड मामलों का उदभेदन हो सकेगा। साइबर थाने को कम्प्यूटर, आवश्यक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर उपलब्ध करा दिये गये है। साइबर थाना द्वारा साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है तथा चलाते रहेंगे ताकि आम लोग साइबर ठगी के मामलों से बच सकें। साइबर थाना का प्रभारी निरीक्षक श्री फहीम अख्तर को बनाया गया है।

**पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि उत्तर प्रदेश पुलिस अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु ₹2,310 करोड़ से अधिक के 144 निर्माण कार्यों के लोकार्पण/शिलान्यास के लिए आज लखनऊ में वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में साइबर थानों के शुभारंभ के साथ ही प्रदेश के समस्त 75 जनपदों के 1,523 पुलिस थानों में साइबर सेल, भ्रष्टाचार निवारण संगठन थाने एवं इकाइयों के साथ ही प्रयागराज व कुशीनगर में पर्यटन थानों का भी शुभारंभ किया गया है। इनमें से 18 साइबर थानों को पहले ही प्रारंभ किया जा चुका है। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों में साइबर थानो का शुभारम्भ किया गया है, जो उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। मा0 मुख्यमंत्री जी का यह दूरगामी निर्णय साइबर अपराधों के नियंत्रण में निश्चित तौर पर मील का पत्थर साबित होगा।**